Regarding alleged irregularities in implementation of schemes under Jal Jeevan Mission in Amravati Parliamentary Constituency of Maharashtra-Laid

श्री बलवंत बसवंत वानखडे **(**अमरावती**) :** मै सरकार का ध्यान अमरावती लोकसभा क्षेत्र में जल जीवन मिशन एवं संबंधित पेयजल आपूर्ति योजनाओं की पिछले 10 वर्षों की प्रगति, व्यय तथा कार्यान्वयन की गंभीर स्थितियों की ओर आकर्षित कराना चाहता हूँ । पिछले एक दशक में अनेक योजनाओं हेतु भारी धनराशि स्वीकृत की गई, किंतु अनेक ग्रामों में आज भी पेयजल आपूर्ति सुचारू रूप से उपलब्ध नहीं है । कई परियोजनाएँ अधूरी, विलंबित या तकनीकी रूप से त्रुटिपूर्ण अवस्था में पाई जा रही हैं । इस संदर्भ में मैं सरकार से निम्नलिखित बिंदुओं पर स्पष्टीकरण और विस्तृत जानकारी चाहूँगा:-

(क) वर्ष 2015-16 से 2024-25 तक अमरावती लोकसभा क्षेत्र में जल जीवन मिशन अंतर्गत स्वीकृत सभी पेयजल आपूर्ति योजनाओं/कार्यों का वर्षवार, ग्रामवार एवं परियोजना-वार विवरण सरकार प्रस्तुत करे ।

(ख) उक्त योजनाओं के योजना निर्माण, प्रशासनिक स्वीकृति, तकनीकी मंजूरी तथा अंतिम अनुमोदन की प्रक्रिया में शामिल सभी अधिकारियों, विभागों व संस्थाओं की विस्तृत सूची उपलब्ध कराई जाए ।

(ग) पिछले 10 वर्षों में केंद्र और राज्य शासन द्वारा कुल कितनी धनराशि स्वीकृत की गई, और वास्तविक रूप से खर्च की गई । इसका योजना निर्माण, कार्यान्वयन, सामग्री क्रय, ठेकेदार भुगतान तथा संचालन एवं रखरखाव (O&M) मदवार वर्षवार विवरण उपलब्ध कराया जाए ।

(घ) लंबित व अधूरी पड़ी परियोजनाओं को पूर्ण करने हेतु सरकार ने कौन-सी समय-सीमा निर्धारित की है?